सार-समाचार

घटिया सड़क निर्माण की जांच की मांग

बूंदी (निसं)। हिंडोली तहसील के विजयगढ़ गांव के ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण की जांच करवा कर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर शिव प्रकाश की अगुवाई में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि न 52 से मांगली, टहला, नेहेड़ी होता हुआ भीलवाड़ा सीमा तक सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है जिसे आरएसआरसीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी द्वारा जो सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसमें घोर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। सरकार के मापदंडों के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है निर्माण में बनास बजरी की जगह क्रेशर की डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है और सीमेंट भी प्राप्त मात्रा में नहीं डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शिकायत किए जाने के बाद सहायक अभियंता द्वारा रोड की जांच करवाई गई, जिसमें निर्माण को घटिया पाया गया था। जिस पर सहायक अभियंता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि सही तरीके से निर्माण कार्य होगा जो घटिया हुआ है उसको भी सही करवाया जाएगा। किंतु दो-तीन दिन पश्चात पुन उसी तरीके से घटिया निर्माण चालू कर दिया गया जिसकी शिकायत दोबारा सहायक अभियंता से करने पर सहायक अभियंता ने कहा कि यह निर्माण कार्य ऐसे ही चलेगा। ग्रामीणों ने इसकी जिला कलेक्टर से शिकायत सोमवार की।

पंप हाउस में नई मोटर लगवाई

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा नगर के आम जन को अब पेयजल की किल्लत से नहीं जूझना पड़ेगा। इसके समाधान हेतु जन प्रतिनिधियो ने तुरंत संज्ञान लेते हुए पंप हाउस पर नई मोटर लगाने का काम शुरू करवाया हैं, जो जल्द ही पानी की सप्लाई को और बेहतर करेगी जिससे पेयजल आपूर्ति और सुलभ होगी। सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने राणा प्रताप सागर बांध स्थित पंप हाउस पहुंच कर मोटर लगाने का काम शुरू करवाया और अधिकारी कर्मचारियों को इस कार्य को शीघ्र ही शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि रावतभाटा नगर पालिका क्षेत्र में निर्बाध रूप से जलापूर्ति होनी चाहिए, इसके लिए जो भी प्रयास करने पड़े हम करेंगे। जल संसाधन सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता अरविंद मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार शाम तक नई मोटर सुचारू रूप से चालू हो जाएगी। जिससे रावतभाटा नगर के विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाई पहले की अपेक्षा और बेहतर हो जाएगी। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन, पार्षद नीलम सिंह, पार्षद प्रतिनिधि भुवनेश नागर, पूर्व पार्षद हरीश राठौर, भाजपा नगर उपाध्यक्ष राजेश सिंह बादल, मनोज मेवाडा सहित भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

बूंदी (निसं)। बूंदी जिले के रायथल थाना क्षेत्र के बथवाडा गांव मे संदिग्ध अवस्था में एक किसान का शव खेत पर मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। बथवाडा गांव में खेतों के रास्ते पर माईनर के पास किसान 45 वर्षीय रमेश प्रजापति का शव मिला। रविवार शाम को वह परिजनों से खेतों की हकाई जुताई की कहकर निकला था। रात को जब वह घर नहीं लौटा तो सुबह परिजन इधर-उधर ढूंढ रहे थे । सुबह खेतों के रास्ते पर शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने रायथल थाना पुलिस को इसकी सूचनादी। सूचना के बावजूद समय पर रायथल थाना पुलिस के नहीं पहुंचने से ग्रामीण 2 घंटे तक मृतक के शव के पास बैठे रहे। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर मृतक के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार करने पर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। थाना अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि खेतों के रास्ते माइनर के पास किसान का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जहां मृतक किसान 45 वर्षीय रमेश प्रजापत के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो बच्चे हैं।

बावड़ी में श्रमवीरों की मेहनत रंग लाई

बून्दी (निसं)। शहर के नाहर का चौहट्टा मे स्थित गुल्ला बावड़ी में चल रहे श्रमदान के बाद श्रमवीरों की मेहनत रंग ला रही हैं, लेकिन वाबड़ी में पानी का स्तर कम नहीं होने से बावड़ी के तले में पड़ा मलबा नही हट पा रहा हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत साँतवे दिन भी सोमवार को गुल्ला बावडी में श्रमदान जारी रहा। उमेश जोशी ने बताया कि पांचने दिन की सफाई के बाद बावड़ी में पानी का रिसाव चालू हो गया था, जो धीरे धीरे बढ़ता जा रहा हैं। बावड़ी में पानी का प्रवाह बढ़ने से अब बावड़ी तले से मलबा निकालने में समस्याएं सामने आ रही हैं। इन्होंने बताया कि जल स्तर को कम करेन क लिए जन सहयोग से पानी का पंप लगाया गया हैं, लेकिन जल स्तर में कमी नहीं आ रही हैं। इन्होंने बताया कि साप्ताहिक श्रमदान के बाद भी श्रमवीरो का उत्साह कम नही हो रहा है। आज नियमित श्रमवीरों में सलिल भाटी, डॉ.संपूर्णानंद सिंह ,पार्षद मनीष सिसौदिया, उमेश जोशी, अशोक रावत, बुद्धि सालवी, नाथूलाल सोनी, बलराम कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

बायपास रोड क्षेत्र में पेयजल सप्लाई बाधित

बूंदी (निसं)। बायपास रोड गुरुद्वारे के पीछे कच्ची बस्ती में 8 दिनों से पानी नहीं आने के कारण क्षेत्र वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद शांति सोनी ने बताया कि पानी नहीं आने की समस्या के बारे में जलदाय विभाग के अधिकारियों को बताने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने सोमवार को विधायक हरिमोहन शर्मा से मिल कर अपनी जल समस्या से अवगत करवाया। इसको लेकर विधायक हरिमोहन शर्मा ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को फोन कर फटकार लगाते हुए पानी सप्लाई सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए जिस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। जिस पर अधिकारियों ने पाया कि स्थिति काफी गंभीर है। आठ दिनों से पानी नहीं आ रहा महिलाओं को एक से डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर पीने का पानी लाना पड रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। इस दौरान शांति सोनी शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी भी मौजूद रहे।

एस.डी.एम. ने बैठक ली

रामगंजमंडी (निसं)। क्षेत्र में प्रचंड गर्मी हीट स्ट्रोक और हीट वेव को देखते हुए प्रशासन द्वारा सोमवार को बैठक का आयोजन करने की जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार यह आयोजन कुदायला स्थित कोटा स्टोन एसोसिएशन भवन में आयोजित हुआ। जिसमें मीडिया से पक्षपात करते हुए प्रशासनिक अधिकारी सहित क्षेत्र के फैक्ट्री मालिक खदान मालिक आदि को बुलाया गया था। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए औद्योगिक इकाइयों में वह खदानों में काम करने वाले श्रमिकों को दोपहर में राहत देते हुए दिन में 3 घंटे का विश्राम दिया जाए साथ ही पीने का ठंडा पानी बैठने के लिए छाया व मेडिकल किट के इंतजाम भी किए जाएं। वहीं चेचट स्थित सनराइज स्टोन कंपनी के माइंस मैनेजर शाकिर मोहम्मद ने बताया कि उनकी खदान पर तो चार दिन पहले से ही श्रमिकों व कर्मचारियों को दोपहर में 3 घंटे का विश्राम दिया जाने लगा है तथा ठंडे पानी की उचित व्यवस्था की गई है।

स्वस्थ जीवन शैली पर व्याख्यान

रामगंजमंडी (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारिज ईश्वरीय विश्वविद्यालय कोटा द्वारा सम्पूर्ण स्वस्थ जीवन शैली पर व्याख्यान हुआ।मिडिया प्रवक्ता डॉ नयन प्रकाश गाँधी ने बताया की कोटा प्रभारी बीके उर्मिला दीदी की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता कार्डियोलॉजिस्ट डॉ सतीश गुप्ता ने सभी चिकित्सकों को राजयोग मैडिटेशन एवं नियमित व्यायाम से हार्ट से सम्बन्धित बीमारियों से बचने की सलाह दी।कार्यक्रम में डॉ.आर बी गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा राजस्थान डॉ चन्द्रभान सिंह राजावत मुख्यचिकित्सा एवम् स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी डॉ अशोक शारदा डॉ मीनाक्षी शारदा डॉ आर सी साहनी व डॉ दीपक गुप्ता भी मौजूद रहे।

रात्रि चौपाल आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा के द्वारा सोमवार को समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयो की ग्राम पंचायत बाडौलिया में रात्रि चौपाल रखी गई। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के आदेशो के प्रदत्त दिशा-निर्देश के अनुसार सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा के द्वारा सायं 7 बजे ग्राम पंचायत बाडौलिया के पंचायत भवन में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आज

झालावाड़ (निसं)। विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक मंगलवार, 28 मई को दोपहर 2 बजे शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज विभाग तथा प्रभारी सचिव झालावाड़ डॉ. रवि जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा ने दी।

'जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति के लिए तत्परता से कार्य करें'

झालावाड़ (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जिले में आमजन से जुडी समस्त आवश्यक सेवाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने जलदाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में पेयजल एवं विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की सूची प्रदान करें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भीषण गर्मी से बचाव के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाइयों, ठण्डे पानी एवं ओआरएस की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आगामी दिनों में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को जिले की गौशालाओं तथा सड़कों पर विचरण कर रहे पशुओं के लिए चारा, पानी एवं छाया की माकूल व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में गर्मी के प्रकोप से पशुओं के बचाव हेतु सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जिले में किसी भी व्यक्ति एवं पशु के गर्मी के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग को दें।

इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में चल रहे सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने आरयूआईडीपी के अधिकारी से कहा कि जिले में चल रहे सीवरेज कार्यों को सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण करवाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रसद, शिक्षा, जल संसाधन, आरएसआरडीसी सहित अन्य विभागों के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने 'हमारा झालावाड़-स्वस्थ झालावाड़' के पोस्टर का विमोचन किया

झालावाड़ (निसं)। तापमान के बढने को लेकर चिकित्सा विभाग द्वारा जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में मौसमी बीमारीयों की रोकथाम के लिये जिला स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन मिनि सचिवालय कॉन्फ्रेस हॉल में किया गया।

बैठक में चिकित्सा विभाग द्वारा मौसमी बीमारीयों की रोकथाम, उपचार व बचाव के लिये तैयार किये गये जागरुकता पोस्टर "हमारा झालावाड़-स्वस्थ झालावाड़" का विमोचन जिला कलक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीयों ने किया।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि मानसून आने से पहले मौसमी बीमारीयॉ डेंगू, स्क्रब टाईफस, मलेरिया व चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिये अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुये जिले में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें "हमारा झालावाड़-स्वस्थ झालावाड़" के अन्तर्गत आशा व एएनएम के द्वारा क्षेत्र वार सर्वे किया जावेगा। एलएचवी व पीएचएन सुपरवाईजरी करेगे। घर-घर बुखार सर्वे व एंटोमोलोजिकल सर्वे तथा हाउस इंडेक्स की नियमित मोनिटरिंग होगी। क्षेत्र में एंटी लार्वल व एन्टी एडल्ट गतिविधियॉ की जावेगी। रक्त पट्टिकाओं के माध्यम से रोगी की ब्लड सेम्पल लिया जावेगा। डेंगू व मलेरिया के रोगी के घर के आस-पास के 50 घरो का सर्वे कार्य किया जावेगा। नगर परिषद, नगर पालिका के हेल्थ इंस्पेक्टर द्वारा सफाई कार्मिको को एंटी लार्वल गतिविधियों साथ फोगिंग कार्य किया जावेगा। मेडिकल कॉलेज व सेटेलाईट चिकित्सालय में डेंगू रोधी वार्ड बनाये गये है साथ ही सभी सीएचसी व पीएचसी पर रोगीयों के लिये बेड आरक्षित किये गये है।

उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. लेखराज मालव ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद्, नगर पालिका, गृह विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय व अधिकारीता विभाग, आयुर्वेद विभाग, मेडिकल कॉलेज, पशुपालन विभाग, पंचायतीराज विभाग, पीएचईडी विभाग एवं अन्य विभाग मौसमी बीमारीयॉ व अन्य बीमारीयों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग राजस्थान सरकार द्वारा जारी निर्देशो के अनुरुप करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने आमजनों से अपील की वे जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों व कार्य स्थलों की सफाई रखे। हर रविवार को घर व आस-पास के सभी पानी के कन्टेनरो का सोर्स रिडक्शन कर साफ-सफाई कर ड्राई डे के रुप में मनाये। समय-समय पर अपने घरों के कुलर का पानी नियमित रुप से बदले व सफाई करते रहे, परिंडें, गमले, कबाड व घरो के आस-पास बरसाती पानी इकठ्ठा न होने दें।

लू-तापघात व मौसमी बीमारियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

बून्दी (निसं)। लू-तापघात व मौसमी बीमारियों की व्यवस्थाओ का जायजा लेने की दृष्टि से सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरिक्षण किया। औचक निरीक्षण करते हुए सीएमएचओ डॉ. सामर ने चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण व गर्मी जनित बीमारियों के प्रबंधन संबंधी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया। साथ ही, पीएमएसएमए को लेकर आमजन को जागरूक भी किया।

डॉ सामर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थान के भवन की स्थिति, साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट, लू तापाघात के रोगियों के लिए पलंग, दवाइयां ठंडा शुद्ध पेयजल एवं अन्य व्यवस्था,गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, निशुल्क दवाइयो की उपलब्धता, शिशु टीकाकरण, चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं तथा पीएमएसएमए को लेकर चिकित्सा संस्थान की उपलब्धि आदि को देखा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरिक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों एवं लू व तापघात से निपटने की तैयारियों का भी अवलोकन किया गया। डॉ सामर ने बताया की हीटवेव और मौसमी बीमारियों के मद्देनजर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो के दल को जिले के चिकित्सा संस्थानों की मॉनिटरिंग के लिए नोडल नियुक्त किया है, जो नियमित निरिक्षण के जरिये मॉनिटरिंग में सामने आई खामियों को दूर करेंगे और चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। नोडल अधिकारियो द्वारा चेक लिस्ट के जरिये जिले के चिकित्सा संस्थानों की मॉनिटरिंग की जावेगी।

दो लाख 29 हजार 390 घरों का सर्वे किया

बून्दी (निसं)। मौसमी बीमारियों से बचाव और डेंगू मलेरिया पर नियंत्रण के लिए निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य) राजथान जयपुर के निर्देशन में वर्तमान में बून्दी जिले में कुल 268 टीमों का गठन कर 229390 घरों का सर्वे किया गया, जिसमे 90791 पानी के कंटेनर की जाँच की गई। कुल 571 कंटेनर में लार्वा पाया गया, जिसको मौके पर ही खाली करवाकर उपचारित किया गया।

सीएमचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया कि जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित करवाकर सभी विभागों को उनसे संबंधीत जिम्मेदारी के लिये जिला कलक्टर ने निर्देशित किया। साथ ही नगर परिषद से समन्वय स्थापित करते हुऐ उनके द्वारा बनाया हुआ फोगिंग का माईको प्लान मगवां लिया गया तथा प्लान के अनुसार फोगिंग शुरू कर दी गई। कुछ जगह भरे हुए पानी के कारण वाटर बॉडीज बन जाने के कारण मच्छरों की संख्या बढ गई थी जिससे डेंगू के केस में वृद्धी हुई थी लेकीन वर्तमान में अप्रेल 17 ओर मई में 2 केस पाऐ गऐ है। सीएमचओ डॉ. सामर ने बताया कि जिले में सर्वे के दौरान कुल 2302 ब्लड स्लाईड ली गई लेकर जांच की गई।

'बालिकाओं का बौद्धिक व शारीरिक रूप से मजबूत होना ही महिला सशक्तिकरण'

बूंदी (निसं)। आर्य वीर दल सेवा समिति द्वारा आयोजित 20 दिवसीय वैदिक संस्कार योगाभ्यास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन खेल संकुल बूंदी में शिविर संयोजक अभयदेव शर्मा ने शिविरार्थियों को दंड-बैठक सहित शारीरिक मजबूती के व्यायामों का अभ्यास करवाया गया।

शिविर संयोजक अभयदेव शर्मा ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं में शिक्षा का स्तर बढा है और वे डॉक्टर इंजीनियर, पायलट, सैनिक बनकर घर से बाहर भी निकली हैं लेकिन फिर भी महिला अपराधों में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है इसका मुख्य कारण बालिकाओं का बौद्धिक व शारीरिक स्तर भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं होना है। इसलिए बालिकाओं को शुरू से ही योग प्राणायाम व्यायाम व आत्मरक्षा का उचित प्रशिक्षण लेकर सशक्त बनना चाहिए ताकि किसी अपराधी, चैन स्नैचिंग करने वाले की महिला को छूने तक की हिम्मत नहीं हो।

खेल संकुल बूंदी में शिविर संयोजक अभयदेव शर्मा ने शिविरार्थियों को शारीरिक मजबूती के व्यायामों का अभ्यास करवाया।

पतंजलि योग समिति अध्यक्ष व योग शिक्षक हेमालाल मेघवंशी व वरिष्ठ योग साधक राधेश्याम साहू ने आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम आदि का अभ्यास कराया। लंबाई बढाने के लिए ताडासन, बद्धताडासन, पश्चिमोत्तानासन, सर्वांगासन, हलासन, चक्रासन आदि का अभ्यास कराया तथा उदर रोगों को दूर करने के लिए उत्तानपादासन, वज्रासन धनुरासन, मंडूकासन, आदि का अभ्यास काराया। विकृत जीवन शैली से उत्पन्न होने वाले रोग कब्ज, एसिडिटी, स्लिप डिस्क, अर्थराइटिस सर्वाइकल, आदि रोगों को दूर करने के लिए मर्कटासन, पवनमुक्तासन, मकरासन अर्धचंद्रासन, उष्ठासन, गरूडासन, मत्स्यासन का प्रशिक्षण दिया। योग शिक्षक अनुराग शर्मा ने सभी आसनों के लाभ, बीमारियों के उपचार में उपयोगी, आसनों के अर्थ व उपयोगिताओं का विस्तृत रूप से वर्णन किया। बालकों को मंच से अभ्यास करवाने में बालक विहान दीक्षित व बालिका रिद्धिकृष्ण जैमिनी ने प्रदर्शन किया। सायंकाल लाठी तलवार से अभ्यास करने वाले शिविरार्थियों में से आज प्रातः बालिका वर्ग से दिव्यांजलि सैनी व त्रिशला सैनी ने व बालक वर्ग से जागृत शर्मा ने लाठी व तलवार के करतबों का शानदार प्रदर्शन करके उपस्थित गणमान्य लोगों से जमकर तालियां बटोरी। इस शिविर में सायंकाल को लाठी, तलवार, बॉक्सिंग, वुशु आदि के माध्यम से आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं और हवन व भोजन सहित दैनिक जीवन में उपयोगी वैदिक मंत्रों का अभ्यास करवाया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बूंदी (निसं)। तालेडा थाना क्षेत्र के अन्थडा रोड पर साथेली घूमाऊ पर देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई।

लीलेडा व्यासान सरपंच प्रेम शंकर राठौड ने बताया कि रात को 11:30 बजे दुर्घटना की सूचना मिली मौके पर जाकर देखा तो बाइक चालक मृत अवस्था में रोड के किनारे खेतों के तारों में फसा हुआ मिला। घटना की जानकारी तालेड़ा पुलिस एवं 100 नम्बर पर दी एवं ग्रामीणों की मदद से मृतक का शव बाहर निकाल पुलिस को सौंपा।

मृतक 22 वर्षीय लोकेश कहार आत्मज छोटूलाल कहार बथवाडा का रहने वाला था। लोकेश अपनी पत्नी को बूंदी अस्पताल में खाना देने जा रहा था तभी यह दुर्घटना हुई। मृतक लोकेश कहार की 1 साल पहले ही शादी हुई थी उसकी पत्नी कविता डिलीवरी की संभावना के चलते बूंदी अस्पताल में भर्ती करवा रखी थी।

जैसे ही दुर्घटना की सूचना गांव को मिली तो पुरे गांव में हीं शोक की लहर दौड गई। सोमवार को तालेडा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। गमगीन माहौल में मृतक युवक का दाह संस्कार किया गया। तालेडा थानाधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि रात्रि को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दुर्घटना में मौत की सूचना मिली थी।

सूचना पर घटनास्थल पहुंचे व युवक के शव को 108 की सहायता से अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां सोमवार को परिवार जनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। युवक अपनी पत्नी को खाना देने बूंदी अस्पताल जा रहा था।

सार-समाचार

बेजुबान पशु पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

रामगंजमंडी (निसं)। खैराबाद पंचायत समिति परिसर में सोमवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर बेजुबान पक्षियों के लिए परिसर में लगे पेड़ों पर परिंडे बांधकर उनमें पानी भरा गया। आगे भी इन परिंडों में पानी भरने की जिम्मेदारी स्टॉफ ने ली है। खण्ड विकास अधिकारी प्रभुलाल वर्मा ने बताया कि अनिल कुमार सिंघल उपखण्ड अधिकारी रामगंजमण्डी के निर्देशानुसार कार्यालय पंचायत समिति खैराबाद में भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षीयों हेतु पंचायत समिति परिसर में परिंडे बान्धे गये तथा उपस्थित पंचायत समिति कर्मचारियों को परिंडों में नियमित पानी डालने का संकल्प दिलाया।वर्मा ने कहा कि बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा को सभी धर्मों और समुदायों ने परमार्थ और मोक्ष का मार्ग भी बताया है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

छबड़ा (निसं)। एकल अभियान अंचल बारां के छबड़ा कवाई अटरु संघ आचार्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आदर्श विद्या मंदिर छबड़ा में संपन्न हुआ। वर्ग में क्षेत्र के आचार्य बंधु भगिनीयो ने भाग लिया। संच प्रमुख रीना नागर छबडा व पवन सुमन रामपुरा के अनुसार वर्ग के उद्घाटन सत्र में राजस्थान संभाग शारिरिक एवम् खेल कूद प्रशिक्षक अरविन्द सेन व संच समिति अध्यक्ष जमनालाल प्रजापति व विश्व हिंदू परिषद से रामनिवास नागर रहे। वर्ग में अभियान प्रमुख सत्यनारायण सुमन ने प्रशिक्षण के कई सत्रों का प्रतिपादन किया संभाग प्राथमिक शिक्षा प्रमुख सुरेश शर्मा ने आचार्यों को दुर्गामी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का आव्हान किया। अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख प्रियंका चक्रधारी ने पंचमुखी शिक्षा गांव में लागू करने के लिए आचार्यों को प्रशिक्षित किया। वर्ग में शारिरिक प्रमुख अरविंद सेन ने योग का प्रशिक्षण देते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी गांवों में योग कार्यकर्म करने का निवेदन किया आरती सत्र में आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अमृतलाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अंत में समापन सत्र में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश भार्गव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मौके से भागे 10 जुआरी नामजद

छबड़ा (निसं)। एएसपी राजेश चौधरी के नेतृत्व में डीएसटी टीम द्वारा रविवार को जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई में पुलिस ने मौके से भागे 10 जुआरियों को भी नामजद कर लिया है और इनकी तलाश प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किए गए 15 जुआरियों के अतिरिक्त मौके से भाग निकलने में सफल रहे पवन धाकड़, साजिद उर्फ पापूली, आबिद भूरा, रवि उर्फ गरीब नाई, राकेश सुमन, सोनू सुमन, मुरली धाकड़, भैया ऑटो, शेरू, मनीष नाई को भी नामजद कर लिया है। वहीं एएसपी चौधरी की सूचना पर बारां खनन विभाग के फोरमैन अंशुमान मीणा ने सोमवार शाम को छबडा पहुंचकर 800 टन बजरी जब्त की और अवैध खननकर्ता हंसराज कुशवाह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन लाख 80 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई। फोरमैन मीणा के अनुसार अवैध खननकर्ता को राशि जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।

सड़कों पर पानी का छिड़काव किया



रामगंजमंडी (निसं)। शहर में इन दिनों गर्मी का सितम जोरों पर है लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। इसी से आमजन को राहत देने के लिए नगर पालिका ने सोमवार को फायर ब्रिगेड से शहर के बाजारों व अन्य जगहों पर पानी का छिडकाव कर आमजन को राहत दिलाने की कोशिश की है।तेज गर्मी और लू के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है बाजारों में सन्नाटा पसरा है। आवश्यक काम के लिए ही लोग घरों से बाहर, वह भी पूरी सुरक्षा से अपने मुंह व शरीर पर कपडा डालकर निकल रहे हैं। अभी दो दिन और भयंकर गर्मी रहने के आसार है। ऐसे में लोगों को दोपहर में घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है।

नोडल अधिकारी नियुक्त

झालावाड़ (निसं)। जिले में भीषण गर्मी तथा हीट वेव को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों की मॉनिटरिंग तथा चिकित्सालयों की प्रमुख तात्कालिक समस्याओं का समाधान करवाने हेतु संबंधित क्षेत्रों के उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को झालावाड़ जिले के जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का प्रशासनिक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि उक्त प्रशासनिक नोडल अधिकारी नियमित विजिट (सप्ताह में एक बार) कर संबंधित चिकित्सा संस्थान के प्रभारी को सहयोग प्रदान करवाकर मौसमी बीमारियों तथा हीट वेव के बचाव व रोकथाम हेतु चिकित्सा विभाग की एडवाईजरी अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

सेवानिवृत शिक्षक की बाइक चोरी

छबड़ा (निसं)। कस्बे के इंदिरा कालोनी में सोमवार दोपहर को दिन दहाड़े सर्राफा व्यवसायी सेवानिवृत शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। शिक्षक ने बाइक चोर के पीछे भागकर बाइक रोकने का प्रयास किया। परंतु बाइक चोर भाग निकलने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंदिरा कालोनी निवासी सेवानिवृत शिक्षक रामनारायण मेहता के घर के बाहर खड़ी बाइक सोमवार दोपहर चार बजे उनके घर से उनके सामने ही अज्ञात युवक स्टार्ट करके चुरा ले गया। पुलिस ने बाइक चोर की तलाश प्रारंभ कर दी है।